# कुलसचिव कार्यालय

## लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ—226007

ɔ. : www.lkouniv.ac.in, E-mail : registrar@lkouniv.ac.in, Phon/Fax : 0522-2740412

संदर्भ संख्या :......................../पी.ए./2021

दिनांक :.......................................

ई—मेल/अति आवश्यक

## कार्यालय—ज्ञाप

**प्रबन्धक/प्राचार्य/प्राचार्या,**
समस्त सहयुक्त महाविद्यालय
(लखनऊ, रायबरेली, लखीमपुर खीरी, सीतापुर एवं हरदोई)।

महोदय/महोदया,

कृपया कार्यालय ज्ञाप संख्या आर/1056/पी.ए./20121, दिनांक 12.11.2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा शासन के निर्देशानुसार टैबलेट/स्मार्टफोन वितरण हेतु सत्र 2021—22 में अध्ययनरत विद्यार्थियों का निम्नानुसार डाटा दिनांक 15.11.2021 तक उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी थी किन्तु कतिपय महाविद्यालयों द्वारा डाटा उपलब्ध नहीं कराया गया है :—

1. यह योजना शैक्षिक सत्र 2021—22 में अध्ययनरत समस्त विद्यार्थियों हेतु है।
2. सर्वप्रथम विश्वविद्यालय एवं उसके सहयुक्त महाविद्यालयों का मास्टर डाटा तैयार किया जाना है जिसमें कालेज कोड, कालेज का नाम, पता जनपद, पिन कोड, नामित ऑफिसर का नाम, ई—मेल, मो0 नं0 तथा ह्वाट्सएप नं0 दिया जाना है। इस कार्य हेतु अनुरोध कि अपने कालेज सम्बन्धी नोडल ऑफिसर नामित करते हुए गुगल लिंक **"https://forms.gle/SdFprhmdvY9Dja7D7"** पर सूचना अनिवार्य रूप से अपलोड/पूर्ण करने का कष्ट करें।
3. समस्त विद्यार्थियों का डाटा उ0प्र0 शासन द्वारा उपलब्ध कराये जाने गये लिंक **"https://bit.ly/StuDataTemplate"** पर उपलब्ध फार्मेट के अनुसार समस्त महाविद्यालय/संस्थाओं द्वारा उपलब्ध कराया जाना है।
4. यह स्पष्ट किया जाता है कि इस योजना हेतु विद्यार्थियों से किसी भी प्रकार का रजिस्ट्रेशन/आवेदन पत्र इत्यादि नहीं भराया जाना है।
5. महाविद्यालय/संस्थान में उपलब्ध विद्यार्थियों के डेटा के आधार पर विवरण पूर्ण शुद्धता के साथ निर्धारित प्रारूप पर भरा जाना है।
6. **यह स्पष्ट किया जाता है कि जनपद लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई तथा रायबरेली द्वारा वर्ष 2021—22 में मात्र प्रथम वर्ष में प्रवेशित विद्यार्थियों का डेटा लखनऊ विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराया जाना है। इन जनपदों के महाविद्यालयों अन्य वर्षों के विद्यार्थियों का डेटा छत्रपति शाहू जी महाराजा विश्वविद्यालय, कानपुर को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।**

7. जनपद लखनऊ के समस्त महाविद्यालयों/संस्थाओं द्वारा वर्ष 2021–22 में अध्ययनरत समस्त विद्यार्थियों का डेटा उपलब्ध कराया जाना है।

अतः जिन महाविद्यालयों द्वारा अभी तक उक्त डेटा उपलब्ध नहीं कराया गया है, उन्हें छात्रहित/जनहित में पुनः निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार विद्यार्थियों का विवरण/डेटा वांछित मास्टर डेटा दिनांक **18.11.2021** की सायं **05:00** बजे तक प्रत्येक दशा में पूर्ण करते हुए समस्त सूचना **"e-mail : digishaktilu@gmail.com"** पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें अन्यथा कि स्थिति में यदि महाविद्यालय अथवा उसके यहाँ अध्ययनरत कोई विद्यार्थी उक्त योजना के लाभ से वंचित होता है तो उसके लिए सम्बन्धित महाविद्यालय पूर्णतया उत्तरदायी होगा।

भवदीय

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

संख्या : R/1075/21 दिनांक : 17.11.2021

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, ल0वि0वि0।
3. अधिष्ठाता/प्रवेश समन्वयक, ल0वि0वि0।
4. प्रो0 अनिल मिश्रा, नोडल अधिकारी (टैबलेट/स्मार्टफोन योजना), ल0वि0वि0 को इस अनुरोध के साथ कि वे इस सूचना को समस्त महाविद्यालयों को उनके लॉगिन पर उपलब्ध कराते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
5. परीक्षा नियंत्रक, ल0वि0वि0।
6. निदेशक, आई0पी0पी0आर0, ल0वि0वि0।
7. इंचार्ज, वेबसाईट, ल0वि0वि0।

कुलसचिव